पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल के सुझाव पर बदला रेलिंग का डिजाइन

लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0 ने पत्र भेजकर अवगत कराया

लखनऊः 20 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक के सुझाव को उपयुक्त पाते हुए लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0 ने मेट्रो रूट के नीचे सड़क डिवाइडर पर लगायी जा रही नुकीले किनारे वाली रेलिंग की डिजाइन में संशोधन कर दिया है। राज्यपाल को लखनऊ मेट्रो के प्रबन्ध निदेशक ने पत्र भेजकर बताया कि डिवाइडर पर लगायी गयी रेलिंग में सुरक्षा की दृष्टि से परिवर्तन कर दिया गया है। संशोधित रेलिंग की डिजाइन में नुकीले किनारे हटा दिये गये हैं तथा शेष कार्य में संशोधित डिजाइन वाली रेलिंग ही लगायी जायेगी।

राज्यपाल को प्रेषित पत्र में अध्यक्ष मेट्रो ने यह भी बताया है कि पूर्व में 78 स्पैन में नुकीले किनारे वाली रेलिंग लगाई गई थी, जिसमें से 56 स्पैन में नुकीले किनारे वाली रेलिंग में संशोधन कर दिया गया है। शेष 22 स्पैन में भी एक माह के भीतर संशोधन कर दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि एक कार्यक्रम से लौटते समय राज्यपाल की दृष्टि मेट्रो रूट के नीचे सड़क डिवाइडर पर लगायी जा रही नुकीले किनारे वाली रेलिंग पर पड़ी। राज्यपाल को लगा कि डिवाइडर पर लगी नुकीले रेलिंग से किसी व्यक्ति के टकराने पर चोट लगने अथवा जान का खतरा हो सकता है। राज्यपाल ने 17 दिसम्बर, 2015 को पत्र प्रेषित करते हुए लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0 को सुझाव दिया था कि नुकीले किनारे की रेलिंग के स्थान पर अन्य डिजाइन की रेलिंग लगायी जाये। राज्यपाल के सुझाव को उपयुक्त पाते हुए उस पर कार्यवाही कर अध्यक्ष लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0 ने पत्र राज्यपाल को प्रेषित किया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (214/17)